हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

11 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव सह पथ संचलन कार्यक्रम हुआ



12 मोती बाल उद्यान में नपाध्यक्ष, कर्मचारियों सहित आमजनों ने की साफ-सफाई



## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

नौ दुर्गा में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।




पर्व को लेकर इन दिनों शहर के महामाया मंदिर, शारदा मंदिर, राजेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर सहित अंचल की बिरकोनी चंडी मंदिर, खल्लारी मंदिर, घुंचापाली चंडी मंदिर, पतई माता, मुंगई माता, काली मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में साज-सज्जा एवं रंगरोगन हो चुके हैं। देवी मंदिरों को सतरंगी लाईटों से सजाया गया है, जो कि विशेष आकर्षण का केंद्र है। शहर में बस स्टैंड और अंबेडकर चौक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

## पर्व : हाईस्कूल एवं सिटी स्पोर्ट्स क्लब में होगा गरबा का आयोजन

# शारदीय नवरात्र आज से, नौ दिनों तक माता भक्ति में डूबे रहेंगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर एवं ग्रामीण इलाकों में शारदीय क्वांर नवरात्र को लेकर तैयारियां पूर्ण हु चुकी हैं। शहर एवं गांवों में मूर्ति स्थापना को लेकर पंडाल निर्माण को अंतिम रूप दिया जा चुका है। वहीं गांवों में मां शीतला, दुर्गा एवं महामाया मंदिरों में ज्योति कलश स्थापना को लेकर तैयारी जारी है। मंदिर प्रबंधनों द्वारा आगामी 9 दिनों तक होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। वहीं आज सोमवार को शुभ मुहूर्त पर शक्तिपीठों एवं देवी मंदिरों में ज्योत प्रज्वलन के साथ कलश स्थापना होगी।



बता दें कि शक्ति की भक्ति का पर्व कुंवार नवरात्र आश्विन शुक्ल प्रतिपदा सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। जहां अंचल भर की शक्तिपीठों में ज्योति कलशों के लिए सप्तमृतिका तथा खप्पर तथा अन्य जरूरी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। नवरात्रि पर्व के चलते नव दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा- अर्चना की जाएगी।

शहर के सभी देवी मंदिरों में व्यापक तैयारियां की जा रही है। मनोकामना ज्योति कलश का प्रज्वलन कराने के लिए ज्योति कक्ष की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसके अलावा चौक-चौराहों में भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की जाएगी, जिसके लिए पंडाल सजकर तैयार है।



नवरात्रि पर्व में मंदिर व घरों में आराधना कर मनाई जायेगी नवरात्रि

## बिरकोनी में सजा माता का दरबार, आज होंगी विराजित

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी में दुर्गोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। ग्राम में स्थित चंडी मंदिर, मौली माता मंदिर, खल्लारी माता मंदिर, महामाया माता मंदिर, शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना कर विशेष श्रृंगार की तैयारी चल रही है। नवरात्र पर्व को लेकर देवी मंदिरों के सदस्य तैयारी में जुटे हुए हैं। आज से शुरु हो रहे शारदीय नवरात्रि पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाएगी। बता दें कि भक्त माता के पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन व जसगीत सेवागीत कर घरों में आराधना करेंगे। गांव के सबसे प्रमुख इस मंदिर में 55 सालों से ग्रामीण माता की सेवा करते आ रहे हैं। दुर्गोत्सव समिति की सदस्यों ने बताया कि इस बार नवरात्रि में भव्य प्रतिमा विराजित की जाएगी। वहीं विभिन्न धार्मिक आयोजनों में बाहरी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## सख्त नियमों के साथ रास गरबा महोत्सव में मिलेगा प्रवेश

**महासमुंद**। नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय हाईस्कूल मैदान में होने वाले रास गरबा महोत्सव में इस बार सख्त नियमों के साथ ही प्रवेश मिलेगा। गरबा करने वालों को भारतीय परिधानों में यहां पहुंचना होगा। वहीं पाश्चात्य संस्कृति के परिधान में प्रवेश वर्जित होगा और युवा और युवतियों के अलग-अलग घेरा बनेंगे। स्थानीय स्वाध्याय भवन में सर्व हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी की बैठक हुई। जिसमें लिए गए निर्णय की सर्वत्र सरहाना हो रही है। बैठक में सर्व हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी के बहनों सिटी स्पोर्ट्स क्लब रास गरबा उत्सव समिति के सदस्यगण, नगर के व्यवसायी एवं युवा उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### आज आएंगे खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा सोमवार 22 सितंबर को जिले के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 9 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे एवं महासमुंद पहुंचेंगे, जहां वे आंगनबाड़ी केंद्र, पीडीएस, मध्याह्न भोजन, छात्रावास आदि का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के पश्चात दोपहर 2:30 बजे वे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। पश्चात शाम 4.30 बजे वे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### खड़ी ट्रक से टकराने से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद**। सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराने से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले को लेकर सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गजानंद विशाल पिता जधु विशाल (25 साल) सागरपाली 13 अगस्त को चौधरी ढाबा से खाना पार्सल कराकर अपने मोटर सायकल सीजी 06 एचडी 1884 से घर जा रहा था, तभी बाबू ढाबा के सामने बिना इंडीकेटर जलाये खड़े ट्रक क्रमांक ओडी 17 पी 0045 में टकराकर एक्सीडेंट हो गया, जिससे गजानंद विशाल के सिर व सीने में गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज किया गया है।

### शख्स के साथ मारपीट

**महासमुंद**। घर लौट रहे एक शख्स से मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जीवन साहू निवासी वार्ड नं 25 कुम्हार पारा ने बताया कि 20 सितंबर की रात्रि लगभग 10 बजे वह शास्त्री चौक से अपने दोस्त से मिलकर घर कुम्हार पारा जा रहा था। रावणभाठा कृष्ण मंदिर के सामने पहुंचने पर पहले से वहां काजू, लक्की एवं अन्य लोग बैठे थे, जिसमें से काजू नाम के व्यक्ति ने उसे देखकर बहुत हीरो बनता है, ज्यादा होशियार हो गया है कहते हुए गाली गलौज कर मारपीट की।

# पिथौरा में श्रमिक की मौत का मामला, तीन आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/पिथौरा

मजदूर दलाल के दफ्तर में घुटनों के बल

- मजदूर दलाल के दफ्तर में घुटनों के बल लटकी मिली थी जलंधर यादव की लाश

लटकी मिली जलंधर यादव की लाश और उसकी मौत के मामले में मृतक मजदूर की पत्नि कि रिपोर्ट पर पिथौरा पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पिथौरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर जलंधर यादव की पत्नी अंजलि यादव ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने आवेदन में कहा है कि करीब 2 साल पूर्व में उसके पति जलंधर यादव ने ईट भठ्ठा ठेकेदार नरेंद्र राजपूत, धन्नू राजपूत से 40,000 रुपए लिए थे। जिसकी जानकारी उसे नहीं थी। लेकिन, पैसा खत्म होने के बाद एडवांस लेने के संबंध में बताया था। इसके बाद दोनों पति-पत्नी के मध्य घरेलू विवाद हो गया, जिसके चलते प्रार्थिया अपने मायके ग्राम सांकरा आ गई और उसका पति ईट भठ्ठा काम करने चला गया था। पति जलंधर लगभग 02 साल बाहर रहा और उसके बाद उसे लेने मायके आया। जिसके बाद जलंधर उसे सास-ससुर के पास छोड़कर फिर काम करने चला गया।


जांच की मांग : घुटनों के बल मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या कर फांसी लटकाने का आरोप

मजदूर दलाल के दफ्तर में संदिग्ध मौत

40 हजार लिए थे एडवांस, 80 हजार मांग रहा था मजदूर दलाल

आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन

40 हजार रुपए बना मौत की वजह

जलंधर की मौत त्रासदी नहीं, मजदूर वर्ग की पीड़ा का प्रतीक है: डॉ. रश्मि

प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि उसकी सास सुलोचना यादव को लकवा मारने के बाद जलंधर लगभग 08 माह बाद घर ग्राम रवान कौहाबाहरा आया, जहां वे लोग लगभग 01 माह रहे, उसके बाद हम सभी ग्राम किशनपुर आ गए। सास सुलोचना यादव को लकवा मारने के कारण वह उनके स्थान में आंगनबाड़ी ग्राम किशनपुर में खाना बनाने जाती थी। 18 सितंबर को सुबह के लगभग 5.30 बजे उसका पति कमरे से बाहर अकेला निकला। उसने कमरे से देखा कि घर के दरवाजा में हीरालाल यादव निवासी पिलवापाली थाना पिथौरा और घर के बाहर दो व्यक्ति खड़े थे। आए हुए व्यक्ति ने उसके पति जलंधर से कहा कि जिनसे पैसा लिया उनसे बात कर लेना और उसे लुंगी में जबरदस्ती कार में बिठाकर ले गए, उस दिन दिनभर उसके पति का पता नहीं चला।

महिला ने बताया कि उसी दिन शाम के लगभग 7 बजे बदन सिन्हा निवासी छतवन चौकी बया उसके घर आया और बोला कि पैसा दोगे या भठ्ठा जाओगे। दूसरे दिन 19 सितंबर की सुबह प्रार्थिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की हड़ताल में रायपुर गई थी, शाम के लगभग 5 बजे वापस आई तब उसकी मौसी फगनी सिन्हा ने बताया कि बदन सिन्हा दोपहर के लगभग 1 बजे आया था और जलंधर का परिवार कहां है पूछने लगा। इस पर जलंधर के छोटे बेटे समीर ने उससे पूछा कि पापा कहां हैं। तब बदन सिन्हा बोला कि तुम्हारे पापा कभी नहीं आएंगे। इसके बाद प्रार्थिया को उसकी ननद बोली कि मेरे भैया जलंधर यादव को ईट भठ्ठा ठेकेदार मार दिए हैं। यह बात प्रार्थिया ने अपने परिवार वालों को बताया और इसके बाद पिथौरा थाना आए। थाना स्टाफ के साथ स्वास्तिक ऑटो डील के ऑफिस पहुंचे और ऑफिस का ताला को खोलने पर पुलिस स्टाफ के साथ छत की दूसरी मंजिल गये, जहां कमरे में उसका पति खिड़की पर फांसी के फंदे पर लटका था। मृतक की पत्नी अंजलि यादव ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में आरोप लगाया कि मेरे पति जलंधर यादव की भठ्ठा सरदार हीरालाल यादव निवासी पिलवापाली, बदन सिन्हा निवासी छतवन एवं घनश्याम राजपूत उर्फ धन्नू राजपूत निवासी जंघोरा द्वारा हत्या कर फांसी में लटका दिया गया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी के आवेदन के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## दहेज की मांग को लेकर शारीरिक प्रताड़ना, पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ शारीरिक प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी देने के मामले में महिला के पति, सास-ससुर, जेठ-जेठानी के विरूद्ध बसना थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया चांदनी नायक पति देवानंद नायक निवासी जेवरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा वर्तमान निवास ग्राम बिछिया थाना बसना के आवेदन के आधार पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर उसके ससुराल के पांच लोगों के खिलाफ धारा 85, 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध कायम किया गया है। महिला ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में कहा है कि उसकी शादी बिछिया निवासी देवानंद नायक से 10 मई 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से हुई थी। शादी के करीब 03 महीने बाद से उसके पति देवानंद नायक, ससुर बोधन नायक, सास भगवती नायक, जेठ दशरथ नायक, जेठानी अनिता नायक के द्वारा दहेज की मांग को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर शारीरिक-मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। इसकेचलते महिला 17 अगस्त 2025 से अपने मायके ग्राम जेवरा थाना मुलमुला में अपनी मां प्यारी बाई नायक के साथ रहकर जीवन यापन कर रही है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 35 हजार का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद**। सांकरा पुलिस ने एक बाइक सवार के कब्जे से 35 हजार रुपए का गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस न बताया कि 20 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिलने के बाद एनएच 53 रोड गुरुघासी दास चौक सांकरा जाकर नाकाबंदी की गई। जहां एक बाइक ओडी 03 एए 9748 के चालक को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अश्विनी साहू पिता नरेश साहू (35 साल) कछारपाली थाना देवगांव जिला बालांगीर ओडिशा तथा पीछे बैग लेकर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सुरेश बारिक पिता ब्रम्हकनंद बारिक (38 साल) पुरैना थाना पाइकमाल जिला बरगढ़ ओडिशा का रहने वाले बताया। पूछताछ में संदेहियों ने बैग में गांजा रखा होना बताए। तलाशी के दौरान बैग से शुद्ध गांजा 3.500 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमत 35000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया

## जन कल्याण समिति ने नेकी के लिए श्रमदान कर किया रोड़ का मरम्मत

# साराडीह में श्रमदान कर भरे जर्जर सड़क के खतरनाक गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम सारडीह के जय महामाया शीतला जन कल्याण सेवा समिति द्वारा शनिवार को नेक कार्य के लिए श्रम दान कर हाथ बढ़ाए। ग्राम सारडीह एनएच 53 से लगे प्रधानमंत्री सड़क योजना सारडीह से बरोंडा मार्ग पर 30 ट्रिप बजरी गिट्टी से सड़क में हुए गढ्ढे को बराबर किया गया। इससे पहले इस रोड में दर्जनों लोग दुर्घटना के शिकार होते आ रहे थे। ऐसी घटना से बचने के लिए जय महामाया शीतला जन कल्याण सेवा समिति सारडीह ने श्रम दान कर एक नई मिसाल पेश की है। जर्जर सड़क से दुर्घटना कम करने की पहल समिति द्वारा किया जा रहा है।

बारिश होने पर सड़क में तीन किलोमीटर तक जगह जगह गढ्ढों में पानी भर जाता है। राहगीर इसी गड्ढे में हादसे का शिकार होते थे। लेकिन, समस्या जस की तस थी। यह मार्ग सारडीह, बरोंडा बाजार, मचेवा, बम्हनी, चिंगरौद, लाफिन, परसट्टी गांव को जोड़ता है, जहां से प्रतिदिन छोटी-बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं। वही इसी मार्ग से कॉलेज के लिए सैकड़ों विद्यर्थियों का आवागमन रहता है। लेकिन, सड़क की जर्जर स्थिति लोगों के लिए खतरे का कारण बनी हुई थी। सड़क का निर्माण लगभग दस वर्ष पहले हुआ था, लेकिन देखरेख के अभाव में अब यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी।



दो पहिया वाहन चालक ज्यादातर दुर्घटना के शिकार होते थे, परंतु विगत दिनों हुई निरंतर वर्षा से गड्ढे के ऊपर से पानी जा रहा था। जिसके कारण पहली बार इस मार्ग से आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को मार्ग का अंदाजा न होने के कारण आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। जिसे ध्यान में रखते हुए। मार्ग को मरम्मत करने की ठानी और ग्राम की जन कल्याण सेवा समिति के आव्हान पर सभी सदस्यों ने हाथों में गैती, फावड़ा, कटाव लेकर उक्त स्थल में पहुंचकर निरंतर चार घंटे से अधिक समय तक श्रमदान कर संपूर्ण मार्ग को स्वयं अपने हाथों से तैयार किया। इस कार्य में सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर ने बताया कि नवरात्र पर्व पर माता के सेवा व राहगीर के आवागमन के लिए बेहतर बनाने के लिए यह प्रयास जारी रहेगा। राहगीरों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए जन कल्याण समिति द्वारा निरंतर मार्ग को सुविधा जनक बनाने सेवा दिया जाएगा। जिसकी राहगीर व ग्रामीण प्रशंसा कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण हम लोग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। तत्काल तो राहत मिल गई है।

इस असवर पर जय महामाया शीतला जन कल्याण सेवा समिति के महेंद्र चंद्राकर, लोमेश चंद्राकर, विपिन चंद्राकर, मोनू चंद्राकर, होरीलाल साहू, राजेश साहू, कमल साहू, देवेंद्र साहू, पूरन रात्रे, पंकज कुर्रे, जीवन निर्मलकर, धर्मेंद्र बघेल, देव प्रसाद मांडे, भारत धीवर, संतोष साहू, भोला साहू, हिवराज कुर्रे, नीरज धीवर, दद्दु विश्वकर्मा, दीपक साहू, सूरज गायकवाड़ आदि का अहम योगदान रहा।

### कर्मचारी कॉलोनी के मकान से चोरी

**महासमुंद**। मायके गई महिला के कर्मचारी कॉलोनी लहरौद स्थित मकान से चोरी के मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि कर्मचारी कॉलोनी वार्ड क्र. 8 लहरौद का निवासी सत्यवती दुबे का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में इलाज चल रहा था और ऑपरेशन के बाद वह स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए विगत 25 दिनों से अपने मायके में थी। 20 सितंबर को जब वह घर वापस लौटी देखा कि मेन गेट बंद था, किंतु अंदर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था, कमरे के दरवाजे, आलमारी खुले हुए थे। पेटी का ताला टूटा हुआ था, और उसमें रखा एक सोने का हार लगभग 27 ग्राम कीमत 2,25,000 रुपए, आलमारी में रखी नगदी 10,000 रुपए, टीवी कीमत 8,000, इंडक्शन चूल्हा कीमत- 3,000 रुपए की चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप



### छात्रों ने नारे लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**महासमुंद।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेश के समस्त विद्यालयों में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों तथा समुदाय के लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में जूनियर रेडक्रास प्रभारी नोबल ध्रुव तथा ईको क्लब प्रभारी दुर्गेश नंदिनी यदु द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, पुरानी मंडी चौराहा, गंजपारा, स्वामी चौक होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान रैली में शामिल विद्यार्थियों ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया। रैली में विमल मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, ज्योति किरण चंद्राकर, अनिता साहू, पूजा साहू, कीर्तन साहू, देवेंद्र कुमार शर्मा, आशीष देवांगन, खेमलता कंवर, हेमंत खुंटे, खोमन चंद्राकर, चंद्रशेखर मिथलेश, प्रज्ञा लांजेवार, बेला मारू, भारती यादव, तपस्या शर्मा, छाया रंगारी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी शामिल हुए।



### बंजारी स्कूल के छात्रों को बांटे टाई, बेल्ट और जूता

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बंजारी संकुल केंद्र लोहारडीह में प्रधान पाठक रमाशंकर शर्मा व सहायक शिक्षक गजेंद्र टंडन द्वारा स्वयं के व्यय से शाला में अध्ययन सभी विद्यार्थियों को टाई, बेल्ट, मोजा व जूता प्रदाय किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांशीराम ठाकुर वार्ड पंच व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति तथा विशिष्ट अतिथि संकुल समन्वयक गणेश टंडन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन व छात्र छात्राओं द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत कर किया गया। संकुल समन्वयक गणेश टंडन ने पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा, एकलव्य विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष एवं प्रयास परीक्षा के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान हुए प्रेरित किया। प्रधान पाठक रमाशंकर व शिक्षक गजेंद्र टंडन को सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा व्यक्त किया। मुख्य अतिथि कांशीराम ठाकुर ने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने व गांव का रोशन करने प्रेरित किया। प्रधानपाठक रमाशंकर शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रेरित किया। मंचासीन अतिथियों के कर कमलों से सभी विद्यार्थियों को टाई, बेल्ट, मोजा व जूता प्रदान किया गया। संचालन शिक्षक गजेंद्र टंडन द्वारा किया गया। इस अवसर समस्त विद्यर्थियों एवं कुमार निषाद गोकुल साहू, गोकुल देवांगन व पालकों की सराहनीय उपस्थिति रही।

### आदि सेवा पर्व पर जिले में 308 आदि सेवा केंद्रों का शुभारंभ

**महासमुंद।** जनजातीय समुदायों के उत्कर्ष एवं सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित अभियान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले में आदि सेवा केंद्रों को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिले के 308 ग्रामों में ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं अन्य शासकीय स्थानों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिकों की उपस्थिति में आदि सेवा केंद्रों का शुभारम्भ किया गया। महासमुंद विखं अंतर्गत ग्राम डूमरपाली में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सेवा केंद्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय, सीईओ जनपद पंचायत महासमुंद बीएस मंडावी, महेंद्र टंडन आदि उपस्थित रहे।

## चर्चा : कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में ली प्रेसवार्ता

# जिले के 308 ग्रामों में बनाया जाएगा विलेज एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के संबंध में प्रेस वार्ता लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, मास्टर ट्रेनर, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा यह अभियान जनजातीय गौरव वर्ष 2025 के तहत संचालित किया जा रहा है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पर्व के अंतर्गत जिले के जनजातीय अंचलों में विभागों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करना और ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह



अभियान जनभागीदारी से ट्राइबल विलेज विजन के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

कलेक्टर लंगेह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के 308 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। 308 ग्रामों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाएँ एक ही स्थान पर मिलेंगी। साथ ही ग्राम सभा की बैठकें आयोजित कर जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान के दौरान शिकायत निवारण शिविर और प्रत्येक पखवाड़े आदिवासी सेवा दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत ग्राम स्तर पर कैडर तैयार किए गए है। इनमें पंचायत प्रतिनिधि, स्वयंसेवी, एनजीओ, युवा और सेवाभावी संगठन सक्रिय रूप से शामिल हैं। ये कैडर आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग कर ग्राम विकास योजनाओं के निर्माण में भी योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान के लिए महासमुंद़ बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के 308 ग्रामों में 42 क्लस्टर के माध्यम से अभियान का क्रियान्वयन किया जाएगा। आदि कर्मयोगी टीम में जिला मास्टर ट्रेनर से लेकर ग्राम स्तरीय सहयोगी की टीम 7 हजार से ज्यादा मानव संसाधन कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मानव संसाधन का प्रशिक्षण कार्य पूरा हो चुका है एवं आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है। महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में विलेज एक्शन प्लान का अनुमोदन किया जाएगा। जिसे सरकार के पोर्टल में एंट्री किया जाएगा। इस दौरान मीडियों प्रतिनिधियों द्वारा अभियान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिसका कलेक्टर ने जवाब दिया। उन्होंने आम जनता, जनप्रतिनिधियों और सेवाभावी संगठनों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी कर जिले के जनजातीय अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहयोग करें।

## डाइट प्राचार्य खंडेलवाल ने कक्षा में दी बच्चों को दिया मार्गदर्शन



**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल द्वारा विद्यालयों का अवलोकन करते हुये शैक्षिक गुणवत्ता पर जोर दिया। इस दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल महासमुंद में कक्षा 12वीं विज्ञान के छात्र-छात्राओं से चर्चा करते एवं विज्ञान विषय के बारीकियों पर चर्चा करते हुये बच्चों के विभिन्न समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन से हम अपनी समस्याओं पर निजात पा सकते हैं। प्रतिदिन पढने की आदत एवं मन को काबू में रखने से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने विज्ञान विषय के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि गणितीय संक्रियाओं में पकड़ बनाकर भौतिकी, रसायन एवं गणित के प्रश्नों को आसानी से हल कर सकते हैं। डॉ. खंडेलवाल द्वारा लिखित अभ्यास, स्व अध्ययन, समय का सदुपयोग, लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया गया। इस अवसर पर डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि दृढ़ संकल्प एवं इच्छा शक्ति से हम अपनी मंजिल को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आप एक ऐसे चौराहे पर खड़े हैं जहां से किधर जाना है स्वयं तय करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शिक्षा व शिक्षण के क्षेत्र में शहर में अग्रणी विद्यालयों में से एक है। आप सभी विद्यालय के सम्मान को बनाये रखने में अपनी योग्यता दें। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रभारी प्रमोद कन्नौजे, तांडेकर सहित विद्यालय स्टाफ ने डॉ. विजय खंडेलवाल द्वारा दी गई सारगर्भित मार्गदर्शन की सराहना करते हुये कहा कि डाइट प्राचार्य द्वारा बताये गये राह विद्यार्थियों के लिये मील का पत्थर साबित होगा। शाला अवलोकन के दौरान प्राचार्य एवं सेन द्वारा प्राथमिक शाला बेमचा, प्राथमिक शाला तुमाडबरी का भी अवलोकन कर मार्गदर्शन दिया गया।

## न्यायालय में अधिकार मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला हुई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा स्टेट प्लान आफ एक्शन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड क्लीनिकों, आरक्षी केंद्रों में पदस्थ सभी अधिकार मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रबंध कार्यालय महासमुंद के अधिकार मित्र हरिचंद साहू ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला न्यायालय परिसर स्थित वैकल्पित विवाद समाधान केंद्र (एडीआर भवन) कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभाकक्ष में सभी अधिकार मित्रों का मानक संचालन प्रक्रियाए एसओपी के संबंध में न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आफरीन बानो द्वारा प्रशिक्षित किया गया। जिला जेल में स्थापित लीगड एड क्लीनिक के जेल विजिटर लायर द्वारा उपस्थित अधिकार मित्रों को अभिरक्षाधीन बंदी तथा बंदी के परिवारजनों को दी जाने वाली विधिक सलाह एवं सहायता तथा जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से दी जाने वाली सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसी प्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने कहा कि नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के योजनानुसार न्याय से कोई वंचित ना हो, न्याय हर घर तक पहुंच तथा न्याय जागरूकता, सूचना और पारदर्शिता पहल कर समाज के कमजोर वर्गो को कानूनी जानकारी अथवा उन्हे सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों से संबंधित चलाए जा रहे विधिक जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

## महाविद्यालय में कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक प्रेरक और गरिमा युक्त कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय रहा "हिंदी हमारी पहचान, छत्तीसगढ़ी हमारा सम्मान", जो भाषा के माध्यम से समाज को दिशा देने का संकल्प बन गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. करुणा दुबे, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, रासेयो जिला संगठक डॉ. मालती तिवारी तथा जनभागीदारी प्रबंधन समिति के संयुक्त प्रयासों से इस आयोजन ने भाषा प्रेमियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाकर यह संदेश दिया कि भाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि आत्मा की आवाज़ है।

सरस्वती वंदना का प्रस्तुतिकरण एमए हिंदी की छात्रा दामनी साहू ने किया। जबकि, छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक वैविधता को अभिव्यक्त करती राजकीय गीत का सुमधुर गायन छात्र प्रशांत सोनवानी ने किया। साथ ही उपस्थितजनों में भाषा के प्रति श्रद्धा, अनुशासन और जागरूकता का वातावरण निर्मित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी पहचान है, और छत्तीसगढ़ी हमारा सम्मान। भाषा ही संस्कृति का आधार है, और संस्कृति ही समाज की आत्मा। हमें अपनी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा दोनों को जीवन में उतारकर समाज को जोड़ना होगा। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष




देवीचंद राठी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश साहू, सांसद प्रतिनिधि संदीप घोष, महाविद्यालय से डॉ.रीता पांडेय, डॉ.नीलम अग्रवाल, डॉ. अजय राजा, डॉ. जीवनलाल चंद्राकर, डॉ. कलमरेखा, अजय थवाइत, प्रभा पंडा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय परिवार के अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सरस संचालन सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विजय मिर्चे ने किया। सरस साहित्यिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के रसखान कहे जाने वाले प्रमुख कवि मीर अली मीर ने 'नंदा जही का रे!' गीत से सभी को भाव-विभोर कर दिया। व्याख्याकार नंदकुमार साहू ने 'मोर घर राम जरूर आही' भजन से भक्ति की भावना का संचार किया। कवि गुलाब ठाकुर ने 'भगवा मेरी जान' सहित श्रृंगार की मनोहारी रचनाओं से सबका मन मोह लिया। ग़ज़लकार श्लेष चंद्राकर ने हिंदी और मातृभूमि की वंदना से श्रोताओं को रोमांचित किया। युवा प्रतिभा अभिषेक वैष्णव ने सरस कविता पाठ और शेरो-शायरी से सभा में नया उत्साह भर दिया। प्राचार्य डॉ. करुणा दुबे ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भाषा का सम्मान ही समाज का सम्मान है। उन्होंने विद्यार्थियों से भाषा को आत्मसात कर उसके संरक्षण और प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही हिंदी विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय और छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. दुर्गावती भारतीय ने किया, जबकि मीडिया प्रभारी छात्र प्रशांत कुमार सोनवानी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की।

## अमलोर में शुरु हुआ सांसद खेल महोत्सव, अमर ने किया शुभारंभ

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत अमलोर के हाई स्कूल परिसर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 18 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व पूर्व सभापति जिला पंचायत अमर अरूण चंद्राकर रहे। अध्यक्षता दशरी दौलत ध्रुव ने की। विशेष अतिथि के रूप में सरपंच अमलोर व समस्त पंचगण तथा ग्राम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सांसद खेल महोत्सव के दौरान जूनियर एवं सीनियर दो वर्गों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एथेलेटिक्स (100 मीटर दौड़, लंबी कूद), कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, गेंड़ी दौड़, गिल्ली डंडा एवं रस्साकस्सी जैसे खेल गतिविधियाँ हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमर अरूण चंद्राकर ने कहा कि शासन द्वारा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जो ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में शामिल होने प्रेरित किया। इस अवसर ग्रामीणों ने अमर चंद्राकर को उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को आने वाली दिक्कतों से अवगत



कराया। जिसमें प्रमुख रूप से आवागमन का साधन नहीं होने की जानकारी दी। जिस पर चंद्राकर ने खासकर महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए सुलभ आवागमन हेतु सिरपुर क्षेत्र में एक इलेक्ट्रिक बस शुरू करने की मांग सांसद रूपकुमारी चौधरी को स्कूल के प्राचार्य के माध्यम से पत्र प्रेषित कर की। चंद्राकर ने अपने पत्र में लिखा है कि सिरपुर क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है। आए दिन हाथियों की आमद इस क्षेत्र में होता रहता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से महाविद्यालयीन शिक्षा हासिल करने जाने वाली छात्राओं को खतरों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सिटी बस की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में केवल कॉलेज छात्रों के लिए एक निःशुल्क इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू किया जाए। जिसमें ईंधन के खर्च से भी निजात मिलेगी और कॉलेज परिसर में ही चार्ज किया जा सकेगा। इस इलेक्ट्रिक बस को यदि निःशुल्क शुरू करने में कोई परेशानी हो तो न्यूनतम शुल्क लगाकर सभी महाविद्यालयीन छात्राओं को पास जारी किया जाए। जिससे वे अपनी उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त कर सके। अमर ने पत्र में सांसद रूपकुमारी चौधरी से निवेदन किया है कि हाथी प्रभावित क्षेत्र सिरपुर के ग्रामीण अंचल के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करना अत्यंत आवश्यक है। महासमुंद लोकसभा के सांसद होने के नाते बस सेवा शुरू कर क्षेत्र को एक बड़ी सौगात देकर बच्चों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराकर समस्या को शीघ्र दूर करें। उक्त पत्र उन्होंने प्राचार्य हाईस्कूल अमलोर को प्रेषित किया है। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटों भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक गण व ग्राम प्रमुख, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### राहुल के सवालों का चुनाव आयोग निराकरण क्यों नहीं कर रहाः रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दूसरी बार प्रेस कांफ्रेंस कर मतदाता सूची में की गई गड़बड़ियों का साक्ष्य प्रस्तुत किया है। पहली प्रेस कांफ्रेंस में 7 अगस्त को राहुल गांधी ने साबित किया था महाराष्ट्र, कर्नाटक में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा गया था। दूसरी प्रेस कॉफ्रेंस में राहुल गांधी ने साबित किया कि जानबूझ कर मतदाताओं के नाम काटे गए। राहुल गांधी के आरोपों का तथ्यात्मक जवाब देने के बजाय चुनाव आयोग बहाने बाजी कर रहा है।

## एक राष्ट्र एक भाषा पर आस्था साहित्य की परिचर्चा

**महासमुंद।** हिन्दी मास पर आस्था साहित्य समिति द्वारा एक राष्ट्र एक भाषा विषय वस्तु पर देव संस्कृति विद्यालय में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुपमें पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद् शशिप्रभा थिटे उपस्थित रही। कार्यक्रम में अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने की। सर्वप्रथम साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक द्वारा रचित हिन्दी गीत जय जय जय पावन वसुंधरा जय जय भाषा कल्याणी की प्रस्तुति सुमधुर आवाज में सुजाता विश्वनाथन द्वारा की गई। मुख्य अतिथि शिक्षा विद् शशि प्रभा थिटे द्वारा परिचर्चा में हिस्सा लेते हुये कहा गया कि राष्ट्र निर्माण में हिन्दी का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को एक सूत्र में यदि कोई भाषा पिरो सकता है तो वो हिन्दी भाषा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि हमारी भाषाएं सिर्फ अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है वे हमारी सोच और संस्कृति को भी आकार देती है। उन्होंने कहा कि निःसंदेह समूची शिक्षा मातृभाषाओं के माध्यम से बेहतर हो सकती है। हिन्दी सहित अधिकांश भाषाएं इस दृष्टि से पूर्ण सक्षम है। साहित्यकार एस चन्द्रसेन एवं डॉ. साधना कसार ने कहा कि हिन्दी संस्कृति और राष्ट्रीयता की संवाहिका है। उन्होंने कहा कि हिन्दी राष्ट्रयता के मूल को सींचती है। इस अवसर पर साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे, टेकराम सेन, शिक्षाविद् केआर चंद्राकर, रामशरण चंद्राकर, सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि राष्ट्रीयता के बुनियादी सवालों के निर्धारण के बिना एकात्मकता असंभव है। परिचर्चा के दौरान देव संस्कृति विद्यालय के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरि द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुये आयोजन के लिये आस्था साहित्य समिति के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विद्यालय के शिक्षक गायत्री सेन, बसंती यादव, तीक्षा चंद्राकर, कनिष्का चंद्राकर, जानकी साहू, पायल चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

## पोषण माह का हुआ आगाज, 16 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**महासमुंद।** जनसमुदाय तक स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ हुआ। भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की। इसी के साथ जिले में पोषण माह का आगाज हुआ, जो आगामी 16 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जिले में जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं, नगरीय निकायों, विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला स्व-सहायता समूहों, महिला मंडलियों, नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना सहित सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जटवार ने बताया कि पोषण माह के दौरान जिले में विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। जिसमें स्वास्थ्य, आयुष, योग आयोग, शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 18 सितंबर, 25 सितंबर व 9 अक्टूबर को एवं उद्यानिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, बिहान, योग आयोग द्वारा 2 अक्टूबर को तथा ग्राम स्तर पर 15 अक्टूबर को मोटापे की रोकथाम हेतु चीनी एवं तेल की खपत कम करने पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, पंचायत, आयुष विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा 19 सितंबर, 26 सितंबर, 03 अक्टूबर एवं 10 अक्टूबर को मेन स्ट्रीमिंग गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 20 सितंबर, 21 सितंबर, 27 सितंबर, 28 सितंबर, 4 अक्टूबर, 5 अक्टूबर, 11 अक्टूबर एवं 12 अक्टूबर को स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी विभाग, नगरीय प्रशासन, लोक सेवा केंद्र एवं डाक विभाग, सहयोगी संस्था द्वारा कन्वर्जेंट एक्शन एवं डिजिटलीकरण गतिविधि आयोजित किया जाएगा। 22 सितंबर, 29 सितंबर, 6 अक्टूबर व 13 अक्टूबर को स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा संबंधी कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य, यूनिसेफ एवं शिक्षा विभाग द्वारा 30 सितंबर को ईसीसीई गतिविधि खेल आधारित शिक्षा पर परवरिश के चैम्पियनशिप कार्यक्रम पर पालक सत्र का आयोजन किया जाएगा। 23 सितंबर, 7 अक्टूबर, 14 अक्टूबर को स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्यानिकी, बिहान, एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर विशेष गतिविधि एवं 24 सितंबर, 01 अक्टूबर व 8 अक्टूबर को शिशु एवं बच्चों के आहार संबंधी प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रासेयो ने किया 20 यूनिट रक्तदान

**महासमुंद।** राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 का कार्यक्रम 17 सितंबर को पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य तथा सांसद डॉ बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता, टंकराम वर्मा शिक्षा मंत्री, गुरु खुशवंत साहेब मंत्री, राजेश मूणत विधायक रायपुर, आयुक्त डॉ संतोष कुमार देवांगन उच्च शिक्षा विभाग, कार्यक्रम में प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विवि, डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी, प्रो अम्बर व्यास कुलसचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर विशिष्ट अतिथि में हुआ।

कार्यक्रम में महासमुंद जिला से डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद



के निर्देशन में 10 इकाइयों के 40 स्वयंसेवकों ने सहभागिता प्रदान किया गया। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 15 स्वयंसेवक करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो अजय कुमार राजा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर में सहभागिता प्रदान किया। अजय कुमार राजा ने 81वें बार रक्तदान किया। साथ ही वरिष्ठ स्वयंसेवक रोहित ढीमर 22वें, मनोज देवांगन 16वें, रोशनी राजपूत 10वें, पोषण साहू दूसरी बार एवं विजय ब्रम्हे, जनक साहू, धनराज चतुर्वेदी, गोरेलाल चतुर्वेदी, कामता भारती, राजू साहू, लियुष सिंह ठाकुर, जागेश्वर देवांगन, रेहान अख्तर, समीर सेवेई ने पहली बार रक्तदान किया। महासमुंद जिले से रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सरस्वती वर्मा शास. माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, उमेंद्र कुमार बरिहा स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर शासकीय महाविद्यालय सरायपाली के स्वयंसेवक रितिक साहू, डोलेश बेहरा, प्रेमसुंदर पटेल, देवेंद्र कुमार चौधरी, गुलशन साहू, टेकचंद यादव, यशवंत कुमार साहू ने रक्तदान किया। मनहरण ठाकुर शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको के स्वयंसेवक साजिद अंसारी, टेकलाल पटेल, बसंत ध्रुव, करण कंसारी, शेर सिंह ने रक्तदान किया। शासकीय महाविद्यालय पिथौरा से स्वयंसेवक आशीष, फैयाज, तेजपाल कामेश सम्मिलित रहे। मकरजध्वज राणा शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा से स्वयंसेवक अतुल, पदमन, प्रीतम सम्मिलित रहे। स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना से केवल दास ने रक्तदान किया।

## चिरको महाविद्यालय में एक दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण हुआ

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के मार्गदर्शन एवं रेड क्रॉस प्रभारी लता भोई के निर्देशन में एक दिवसीय प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा ने रेडक्रॉस के शुरूआत व संस्था के संस्थापक हेनरी ड्यूनाट की विस्तृत जानकारी दी। छात्रों को अपने अंदर निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने कहा कि प्राथमिक सहायता पीड़ति के जीवन में कितना प्रभावित कर सकता है, ऐसे रेडक्रास से जुड़े रहने व प्राथमिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण से संबंधित बाते सीखते रहने की अपील की। स्वयं के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दूसरों की सहायता कैसे दी जानी चाहिए, इस संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता व रेडक्रास के सभी स्वंयसेवक/स्वंयसेविका व अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### लाफिनकला पहुंचे महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद, हुआ स्वागत

**महासमुंद।** रविवार को ग्राम लाफिनकला में ग्रामीणों के आमंत्रण पर ऋषिकेश से महामंडलेश्वर डॉक्टर प्रकाशानंद स्वामी का आगमन हुआ। ग्रामीणों ने प्रथम बार ग्राम में महामंडलेश्वर के आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर महामंडलेश्वर ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अपने परिचय देते हुए दार्शनिक अंदाज में कहा कि हमें हमेशा अच्छे कार्य करते रहना चाहिए। मिली जीवन को हंसी खुशी से जीना तथा विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा छोटे से गांव में जनसहयोग से भव्य द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव मंदिर निर्माण की पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। भविष्य में पुनः पधारने आश्वात किया। इस अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर समिति अध्यक्ष नेतन कुमार पटेल, ग्राम समिति अध्यक्ष रामकुमार साहू, ग्राम सचिव पवन साहू, पूर्व सरपंच केतन कुमार साहू, सरपंच राधेश्याम साहू, कीर्तनकार जगदीश प्रसाद साहू, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, गोवर्धन साहू, गिरीश साहू, भुवन साहू, रामजी साहू, हरिराम साहू, कमलेश कुमार साहू, मंदिर के पुजारी कृष्ण कुमार वैष्णव, जनकराम साहू, पंचराम साहू, संतराम साहू, हेमूराम साहू, तोषकुमार साहू, हीरा पटेल, थनवार पटेल, बिसाल निषाद, भूपेंद्र साहू, हरीश साहू, नीरज साहू, पूनमचंद साहू, जीवराखन साहू मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के लोक कवि मीर अली मीर

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ी के प्रख्यात एवं सशक्त लोक कवि मीर अली मीर का आगमन हुआ। महाविद्यालय संस्था प्रमुख डॉ अनुसुइया अग्रवाल तथा समस्त प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं छात्र-छात्राओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अनुसुइया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ प्राध्यापक हिंदी प्रतिमा चंद्राकर रही।

## कार्यक्रम : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बसना मंडल का हुआ आयोजन

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव सह पथ संचलन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बसना मंडल द्वारा नगर में विजयादशमी उत्सव सह पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चतुर्भुज आर्य (अध्यक्ष गाड़ा समाज) ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामदत्त चक्रधर सह सरकार्यवाह रहे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में चतुर्भुज आर्य ने भारत के प्राचीन इतिहास को रेखांकित करते हुए हमारे हिंदू संस्कृति एवं पारिवारिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि पर कहा कि प्राचीन काल से वर्तमान तक जाति प्रथा एवं इसके दुष्प्रभाव के कारण समाज को बहुत अधिक नुकसान हुआ है। अनेक क्षेत्रों में धर्मांतरण इन्हीं बातों के कारण अधिक फल फूल रहे हैं। चारों पुरुषार्थ, धर्म-अर्थ- काम-मोक्ष पर भी वैश्विक षडयंत्रों ने कुठाराघात किया है। अतः हमारे स्वयं सेवकों को समाज में जाकर समाज से अस्पृश्यता की भावना को दूर करने के लिए काम करना होगा। तभी हमारा हिंदू समाज सशक्त होगा।

कार्यक्रम में 1015 स्वयंसेवक नई मंडी बसना में एकत्र हुए एवं पथ संचलन पश्चात रामदत्त चक्रधर का बौद्धिक प्राप्त हुआ। बौद्धिक में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 2 अक्टूबर 1925 में गठन हुआ था। तब से अब तक, जब हम उसके यात्रा का 100 वर्ष होने पर शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। इस समय भी उसका स्वरूप मूल स्वरूप के ही समान है।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक का ध्येय देश के हिंदू समाज को संगठित करना एवं सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजना है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे देश में उत्कृष्ट संस्कार वाले लोग चाहिए। क्योंकि, वही सांस्कृतिक एवं चरित्र, राष्ट्रीय चरित्र है। अतः राष्ट्रीय स्वयंसेवकों का ऐसे ही युवाओं का निर्माण करना प्रमुख कार्य है। संस्कार का पहला गुण स्वयं पर अनुशासन है। अतः देश और समाज को खड़े करने के लिए सेवा एवं संवेदना भाव लिए हुए युवाओं का निर्माण करना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रमुख कार्य है, जो शाखा के माध्यम से संपन्न हो रहा है। आज संघ में लगभग डेढ़ लाख सेवा कार्य चल रहे हैं। इन स्वयंसेवकों का भाव कि राष्ट्र ही सर्वोपरि है संगठन में शक्ति है। इसलिए हम सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न समाज, विभिन्न जाति, विभिन्न भाषाओं को मानने वाले होने पर भी साथ मिलकर चलते हैं। क्योंकि, इससे हिंदू समाज संगठित होता है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में संपूर्ण हिंदू समाज को एक प्रभावी संगठन मिला है। स्वयंसेवकों को सदा शाखा के सुदृढ़ीकरण पर कार्य करना होगा। क्योंकि इससे हमारी संस्कृति से ओतप्रोत एवं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत युवा समाज को मिलते हैं। संघ यात्रा में 1947 के विभाजन एवं विभिन्न युद्धों में 1962, 1965, 1971 में भी स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 1962 के चीन युद्ध में योगदानों को देखते हुए 1963 में जवाहरलाल नेहरू ने गणतंत्र दिवस की परेड में संघ को आमंत्रित किया। 1965 में 22 दिन तक चले युद्ध में 17 दिन तक दिल्ली की पूरी व्यवस्था संघ के स्वयं सेवकों ने संभाली। इसके लिए लाल बहादुर शास्त्री ने गुरुजी से आग्रह किया था। शक्तिशाली ही सदैव पूजनीय है। इसलिए हिंदू समाज को संगठित होना होगा। समाज को सफल बनाने के लिए संस्कृति से संस्कारित हिंदू समाज को एकजुट करना होगा। क्योंकि, हिंदू समाज का उत्थान से ही देश का उत्थान होगा। आज पंच परिवर्तनों को अपने घरों से ही प्रारंभ करना होगा। इसमें हम सभी को कुटुंब प्रबोधन, समरसता, पर्यावरण, स्व का जागरण एवं नागरिक कर्तव्यों पर विशेष रूप से कार्य करना होगा। इससे एक कदम आगे बढ़कर हमारे युवाओं को शाखा स्थल पर व्यक्तित्व विकास करने के लिए एक आदत बनाने की आवश्यकता है। आने वाले समय में सदैव कार्य करते हुए इस देश को जगतगुरु बनाना है। यह कार्य तभी पूरा होगा, जब देश के सामान्य लोग अच्छे सोच, अच्छे कार्य एवं अच्छे चरित्र के साथ खड़े होंगे। जब भारत का हिंदू समाज सफल होगा और भारत सफल होगा एवं भारत के सफल होने पर विश्व कल्याण होगा। हम सभी स्वयंसेवक अपने गुणों का विकास सदैव करते हुए ऋषियों की कल्पना के भारत का निर्माण करेंगे। जिससे भारत पुनः विश्व गुरु के पद को प्राप्त करेगा। राष्ट्रभक्ति के ज्वार को राष्ट्र शक्ति में बदलना ही समय का आवाहन है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक को प्रतिक्षण काम करते हुए हिंदू समाज को जगाकर एक करना है।

## कार्यशाला में भविष्य निधि, बीमा एवं पेंशन योजना पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भारत सरकार का कार्यशाला का आयोजन महासमुंद में किया गया। जिसमें संगठन के प्रमुख तीन योजना भविष्य निधि योजना, बीमा योजना एवं पेंशन योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।

संगठन द्वारा शासकीय एवं निजी संस्था के कर्मचारियों को कैसे सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जाना, पंजीकृत कर्मचारियों का रिकॉर्ड अपडेट करना, उसके समस्याओं का तात्कालिक समाधान करना एवं डिजिटल रूप से सभी तरह के समस्याओं का समाधान के लिए संगठन हमेशा तत्पर होकर कार्य करती है। संगठन द्वारा रोजगार देने वाले एवं कर्मचारी दोनों को समय-समय पर विभिन्न योजना के तहत प्रोत्साहित एवं आर्थिक मदद भी दिया जाता है, इन्हीं सब विषयों को लेकर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से उक्त संगठन के आयुक्त आकाश अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के प्रांतीय सचिव एवं बिरकोनी औद्योगिक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर, राइस मिल संघ महासमुंद के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक मोहनलाल साहू, उद्यमी मोहनलाल चंद्राकर, मनोज पींचा, नरेश जैन, मनीष अग्रवाल, प्रशांत चोपड़ा, मुकेश चौरडिया समेत अनेक इकाइयों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# वोट चोरी की राहुल के सच को जानना जरूरी : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि इस देश में अकेले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संविधान के तहत दिए गए लोकतंत्र की रक्षा करने चुनावों में हो रही धांधली को सिलसिलेवार बताने का क्रम शुरू किया है।

पहली प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने बताया कि महादेवपुरा में कैसे मनमाने ढंग से नाम रातोंरात एक लाख से ज्यादा वोट जोड़ दिए गए, जहां 11965 डुप्लीकेट वोट हैं,



40000 से ज्यादा वोट के पते गलत हैं, एक ही पते पर 10452 से ज्यादा रहते हैं और 33696 लोगों ने फॉर्म क्रमांक 6 का गलत उपयोग किया है। अब उन्होंने कर्नाटक की आलंद विधानसभा के 10 बूथ जहां लगातार कांग्रेस पार्टी जीतते आ रही थी, वहां के 8 बूथ से वोट काट दिए जाने और इस विधानसभा के कुल 6018 वोट गलत तरह से काटने के सबूतों को पेश किया है। अंकित ने बताया कि वोट काटने के लिए भरे जाने वाला फॉर्म क्रमांक 7 को ऑनलाइन तरीके से रात के 4 बजे नागराज के नाम पर 36 सेकंड में दो फॉर्म भरे जाते हैं और दूसरों के दो वोट कट जाते है। बुजुर्ग महिला गोदा बाई के नाम पर 12 वोट डिलीट किया गया, सूर्यकांत के नाम पर 12 मिनट में 14 वोट हटा दिए गए और तीनों ने स्वीकारा कि हमने ऐसा किया ही नहीं और इस ऑनलाइन आवेदन का मोबाइल नंबर भी उनका नहीं है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए अभ्यास परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी की लेकर अभ्यास परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 25 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी की प्रधानपाठिका लीना पांडेय एवं संकुल समन्वयक अशोक साहू के मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग से यह अभ्यास परीक्षा का आयोजन कराया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में ईश्वर चंद्राकर एवं अजय बंजारे उपस्थित हुए। उनके द्वारा बच्चों की परीक्षा ली गई। इस अवसर पर ईश्वर चंद्राकर ने बच्चों से कहा कि अभ्यास हर सफलता की कुंजी है। आप सब जितना अभ्यास करेंगे, उतनी विषय की दक्षता आप में विकसित होगी। उन्होंने बच्चों को इस दौरान ओएमआर सीट में रोल नंबर को भरना, चार में एक विकल्प का चयन कर किस प्रकार से उत्तर पुस्तिका में प्रविष्ट करना है इसकी जानकारी दी। नवोदय अभ्यास परीक्षा के लिए कुल 80 प्रश्नों का चयन कर प्रश्न पत्र तैयार किया गया था। इसमें मानसिक योग्यता के कुल 40 प्रश्न गणित के 20 एवं हिन्दी के 20 प्रश्न थे।

परीक्षा के पश्चात ईश्वर चंद्राकर एवं अजय बंजारे द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जिज्ञासा निषाद प्रथम, जिया ध्रुवंशी द्वितीय एवं पुनम निषाद तृतीय स्थान रहे। हिमांशी साहू, भूमिका निषाद, कुणाल साहू, पियूष देवांगन, दिगेश साहू, दीपांशु पटेल, रजत जोशी, प्रभा यादव सहित अन्य परीक्षार्थियों का प्रदर्शन भी बेहतर रहा है। ज्ञात हो कि शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में विगत दो माह से प्रत्येक रविवार को संडे की पाठशाला चलाकर बच्चों को नवोदय परीक्षा की विशेष तैयारी कराई जा रही है। जिसमें शिक्षक सिराज बख्श, ईश्वर चंद्राकर, विजय राजपूत, अजय बंजारे का विशेष सहयोग रहता है। शाला प्रबंध समिति एवं ग्राम पंचायत खट्टी का भी इस विशेष अभियान में योगदान रहा है। ग्राम पंचायत खट्टी की सरपंच अनिता मोती लाल मेहरा ने संस्था से नवोदय में चयनित होने वाले बच्चों के लिए 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार की घोषणा की है।



## थाना प्रभारी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

ग्राम पंचायत खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू द्वारा खल्लारी में आयोजित भव्य सम्मान समारोह 2025 में खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार नाग को जन सुरक्षा सेवा कार्य सम्मान से सम्मानित किया गया।

## गुरु बालक दास व वीर नारायण सिंह के बलिदान पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन, दर्शकों की आंखें नम हुईं

**महासमुंद।** गरिमा सिनेमा हॉल पिथौरा में वीरों के बलिदान और शौर्यगाथा पर आधारित फ़िल्म "बलिदानी राजा गुरु बालक दास" का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर ग्राम गुडेलाभाठा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और फिल्म देखकर अपने इतिहास से जुड़ने का अवसर प्राप्त किया। फ़िल्म में छत्तीसगढ़ के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा गुरु बालक दास और शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष व बलिदान को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। फिल्म के भावुक दृश्यों में जब दोनों वीरों को षड्यंत्रपूर्वक मार दिया गया, तो कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने कहा कि यह फ़िल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारे बलिदानी पूर्वजों के आदर्शों को जानने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर है। फ़िल्म देखने के लिए निःशुल्क वाहन व्यवस्था आत्माराम मारकंडे एवं टिकेश्वर बंजारे के सहयोग से की गई। डॉ. विजय चतुर्वेदी ने फिल्म देखने के बाद कहा कि यह फिल्म पूरे मानव समाज को अवश्य देखनी चाहिए। राजा गुरु बालक दास ने किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए मालगुजारों व मराठा शासन के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने जगह-जगह घूमकर रावटी चलाया, सतनाम आंदोलन का विस्तार किया और सतनाम सेना का गठन किया। वीर नारायण सिंह की रिहाई के लिए अंग्रेजी शासन से भी मांग की। यह फिल्म हमारे इतिहास और संघर्षों को जानने का महत्वपूर्ण अवसर है।

# शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से पर्वों को मनाने की अपील : कलेक्टर

**महासमुंद।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिलेवासियों से आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान सौहार्द्र एवं शांति बनाए रखने की बात कही। बैठक में पर्व आयोजनों को सुरक्षित, अनुशासित एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, उपपुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय सर्व धर्म एवं समाज प्रमुख, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने नवरात्रि, दशहरा, झांकी और विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या भड़काऊ गतिविधियों को प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में कहा कि पर्व के दौरान बजने वाले गीत धार्मिक, पारम्परिक एवं गरिमा के अनुरूप होना चाहिए तथा किसी भी स्थिति में भड़काऊ न हो। जिससे किसी भी वर्ग को ठेस पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से नियंत्रण रखा जाएगा। व्हीकल माउंटेन डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे तथा अन्य ध्वनि यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय सीमा एवं मानकों के भीतर ही सीमित रहेगा। उन्होंने समितियों को निर्देशित किया कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी गतिविधि के लिए पूर्व अनुमति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से लेना होगा। उन्होंने कहा कि एक ही समय पर रैली या झांकियों के आवागमन पर भी सहमति से निर्णय लेना होगा। ऐसे स्थानों पर निर्धारित रूट चार्ट के माध्यम से ही रैली व झांकियों का प्रवेश किया जाए। जहां दो से अधिक रैलियों का समागम हो सकता है। सार्वजनिक स्थानों पर लाठी, डंडा, शस्त्र, अस्त्र का प्रदर्शन भी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।कलेक्टर ने कहा कि सभी समिति अपने वालंटियर तैनात करें। ताकि, सुगम आवागमन बाधित न हो और न ही नागरिकों को असुविधा हो। कलेक्टर ने विशेषकर युवाओं से सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर कहा कि किसी भी तरह का फेक न्यूज न फैलाएं और न ही बिना सोचे समझे मैसेज फॉरवर्ड करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि महासमुंद जिला हमेशा शांतिपूर्ण और सौहाद्रपूर्ण तरीके से सभी त्यौहारों को मनाते आएं हैं। अतः इस पर्व पर भी उच्च एवं आदर्श परम्परा को बनाए रखें। बैठक में सदस्यों ने पार्किंग स्थल, रात्रि में गस्त बढ़ाने आदि के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में दुर्गा उत्सव समिति, गौसिया मस्जिद कमेटी, विश्व हिन्दू परिषद्, जामा मस्जिद कमेटी, बौद्ध समाज, प्रेस क्लब एवं आम नागरिक भी शामिल हुए। उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा संपूर्ण तैयारियां की गई हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, गश्त व्यवस्था तथा सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने समितियों से आग्रह किया कि वे स्वयंसेवकों की टीम बनाकर पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## बांस से उत्कृष्ट सामग्री बनाने दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**महासमुंद।** ग्राम खैरा में हस्तशिल्प क्षेत्र कौशल विकास योजना अंतर्गत डिजाइन विकास कार्यशाला वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृति आदेश अंतर्गत 30 अगस्त 2025 से 29 सितंबर 2025 तक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आदिवासी कंडरा परिवार को बांस शिल्प का डिजाइन प्रशिक्षण देने जशपुर से ट्रेनर आजाद भगत एवं रायगढ़ से पुरण झोरखा पहुंचे है। बांस से उत्कृष्ट सामान लेटर बॉक्स, बक्से, मढ़ाया, कुर्सी, गुलदस्ता, ट्रेय, मंदिर, ढोलक, सिंगार बॉक्स, मोबाइल बॉक्स इत्यादि बनाने प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान मिथलेश्वरी कंडरा, नंदनी कंडरा, शकुन बाई कंडरा, आरती कंडरा, पुष्पा कंडरा, फुलेशर बाई कंडरा, रचना कंडरा, दशोदा कंडरा, दुर्गा बाई कंडरा, रूचि कंडरा, डेरहीन कंडरा, हेमा बाई कंडरा, नीरा बाई कंडरा, हेमीन कंडरा, बसंती बाई कंडरा, सरिता कंडरा, गिरजा बाई कंडरा, किरण कंडरा, कौशिल्या कंडरा, त्रिवेणी बाई कंडरा, दुरपति कंडरा, फुलवाई कंडरा, कोमल कंडरा, रीमा बाई कंडरा, राजेन्द्र कंडरा, भुवनेश्वर कंडरा, जितेंद कंडरा, दिलीप कंडरा, टोमल कंडरा, पुष्कर कंडरा आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं अंगीकार अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा अंगीकार 2025 अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और लोक कल्याण मेला का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण वर्चुअली जुड़े। जिसमें नगर पालिका महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से विधायक राजू सिन्हा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, बास्केटबॉल संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, राजू चंद्राकर सहित स्थानीय प्रतिनिधि, नगरपालिका सीएमओ अशोक सलामे एवं स्वच्छताग्राही जुड़े थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और आवासीय सुरक्षा वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। स्वच्छता ही सेवा अभियान से लोगों में स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से प्रत्येक परिवार को पक्के घर की सुविधा मिलेगी, जो सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत हितग्राहियों का गृह प्रवेश हुआ। हितग्राहियों को सांकेतिक गृह प्रवेश की चाबी जनप्रतिनिधियों द्वारा सौंपी गई। इसमें सरायपाली से महेश प्रधान, बसना से सुल्ताना बानो, महासमुंद से लालाराम साहू, शकुंतला साहू, तुमगांव से हेमलाल, पिथौरा से पुनीतराम यादव एवं बागबाहरा से अली शामिल है। इस अवसर पर विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और संकल्प से प्रारंभ की गई इस योजना का उद्देश्य उन छोटे व्यवसायियों को सशक्त बनाना है।



## खबर संक्षेप



### भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**बसना।** विकासखंड के ग्राम पर्रापाट में स्थापित भगवान विश्वकर्मा प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। 17 सितंबर को गांव में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई। विश्वकर्मा समिति के द्वारा सप्ताहभर पहले से ही आयोजन की तैयारी की जा रही थी। तीन दिनों तक विधि विधान से पूजा, आरती से गाँव भक्तिमय हो गया। शुक्रवार को भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ नाचते-झूमते शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विसर्जन पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।



### मोंहदा स्कूल में ली स्वच्छता की शपथ

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय प्राथमिक शाला मोंहदा में 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाला स्वच्छता पखवाड़ा के परिप्रेक्ष्य में शिक्षक व बच्चों ने शपथ ली। इस अवसर पर प्रधान पाठक एचएस पटेल ने स्वच्छता के महत्व व अपने कर्तव्य को बताया।

### सेक्टर स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता हुई

**महासमुंद।** प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के निर्देशन में बलौदाबाजार-महासमुंद परिक्षेत्र स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में आयोजित किया गया। जिसमें 16 शासकीय महाविद्यालय भटगांव, बिलाईगढ़, वटगन, तेंदुकोना, पिरदा, मोपका, लवन, बलौदा बाजार, बागबाहरा, भाटापारा, सिमगा, बलौदा, पलारी, कोमाखान, पिथौरा एवं शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की टीमों ने भाग लिया। पहला सेमी फाइनल मैच महाविद्यालय तेंदूकोना और पीजी महाविद्यालय महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें महासमुंद विजेता रहा। दूसरा सेमीफाइनल मैच महाविद्यालय बागबाहरा और महाविद्यालय पिथौरा के मध्य खेला गया। जिसमें बागबाहरा विजेता रहा। फाइनल मैच बागबाहरा और पीजी महाविद्यालय महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें बागबाहरा 16 अंक और महासमुंद 15 अंक इस तरह बागबाहरा एक अंक से विजय रहा। खेल प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी 24 एवं 25 सितंबर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो कि दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में आयोजित होगा। विजेता एवं उपविजेता टीम को प्रभारी प्राचार्य डॉ रीता पांडे द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ मालती तिवारी, डॉ दुर्गावती भारतीय आदि मौजूद रहे।

# मोती बाल उद्यान में नपाध्यक्ष, कर्मचारियों सहित आमजनों ने की साफ-सफाई

## नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ, पौधरोपण भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं रजत जयंती 2025-26 स्वच्छता सप्ताह अंतर्गत रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में आम नागरिकों व पालिका के अधिकारी–कर्मचारियों ने मोती बाल उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ-सफाई कर उद्यान में पौधरोपण किया। पालिकाध्यक्ष साहू ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप योजना स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर पालिका परिषद महासमुंद क्षेत्र में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान -2025 चल रहा है।

नगर के नेहरू चौक स्थित मोती उद्यान में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने हाथ में झाड़ू लेकर सफाई कार्य किया। तत्पश्चात उद्यान में पौधरोपण किया। इस अवसर पर स्वच्छता निरीक्षक दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी नौशाद बक्श, सुपरवाइजर रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, जीतू सोनी,



मोहनदास मानिकपुरी, अजय घृतहरे, अजय प्रधान, परमेश्वर निर्मलकर, कार्तिक यादव, प्रकाश सोनवानी, नीलम कुलदीप, माधव यादव सहित बड़ी संख्या में स्वच्छ भारत मिशन के सफाई मित्र आदि उपस्थित थे।

### अध्यक्ष ने दिलाई स्वच्छता शपथ

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने उपस्थित समस्तजनों को स्वच्छता शपथ दिलाई। उपस्थितजनों ने स्वच्छता शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था। उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर भारत माता की सेवा करें। उपस्थितजनों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह में 02 घंटे श्रमदान कर स्वच्छता के इस संकल्पना को चरितार्थ करेंगे। हम न गंदगी करेंगे, न किसी और को करने देंगे। सबसे पहले हम स्वयं से, अपने परिवार से, अपने मोहल्ले से, अपने गांव से एवं कार्य स्थल से शुरूआत करेंगे। हम यह मानते हैं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ हम गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेंगे। हम आज जो शपथ ले रहे हैं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी कराएंगे वे भी हमारी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें। इसके लिए प्रयास करेंगे। हमें मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया। मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

### छापा : गाय के गोबर और गोमूत्र से बनी खाद और दवा खेती की ताकत

# जैविक को प्राथमिकता, गाय को हम नहीं पालते, गाय हमें पालती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

रासायनिक खाद और दवाओं पर निर्भरता

**मिलाराबाद का प्रधान परिवार 42 एकड़ में कर रहा जैविक खेती, महिलाओं की भी बराबर की भागीदारी**

को समाप्त करते हुए जिले के बसना विकासखंड में स्थित प्रधान परिवार जैविक खेती की ओर अग्रसर होना लोगों के लिए प्रेरणादायी है।

परिवार के मुखिया अंतर्यामी प्रधान का कहना है कि "हम गाय को नहीं पालते, बल्कि गाय हमें पालती है। गाय के गोबर और गोमूत्र से बनी खाद और दवा ही हमारी पूरी खेती की ताकत है।" परिवार के पास इस समय 60 देसी गायें हैं, जिनसे बीजामृत, जीवामृत और ब्रह्मास्त्र जैसी प्राकृतिक



#### परिवार के अन्य सदस्य भी जैविक खेती की राह पर

विश्वामित्र प्रधान 5 एकड़ में दूबराज, गंगाबालू, सुपरफाइन और गन्ना उगा रहे हैं। धनपति प्रधान 8 एकड़ में गंगाबालू धान, मक्का, सुपरफाइन और अरहर की खेती कर रहे हैं। खेती को सफल बनाने में कृषि विभाग और पशुपालन विभाग का सहयोग लगातार मिल रहा है। परिवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन और नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के अंतर्गत बीज और तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया है। हाल ही में तीनों भाइयों ने पाम ऑयल की खेती के लिए 5 हेक्टेयर भूमि योजना में ली है। मिलाराबाद का प्रधान परिवार आज यह संदेश दे रहा है कि जैविक खेती सिर्फ स्वस्थ अनाज ही नहीं देती, बल्कि परिवार, गांव और पर्यावरण सभी को संजीवनी देती है।

औषधियां तैयार की जाती हैं। इन्हीं के दम पर खेतों में कभी रासायनिक खाद की ज़रूरत नहीं पड़ती। खेती में महिलाएं भी बराबर की भूमिका निभा रही हैं। खेत की निराई-गुड़ाई से लेकर बीज तैयार करने और ब्रह्मास्त्र दवा बनाने तक हर काम में महिलाएं सक्रिय रहती हैं। यही वजह है कि खेती केवल रोजगार नहीं, बल्कि परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी और गर्व का विषय बन चुकी है।

धान की कलानमक नरेंद्र 01, शाही नमक, कालीमुच, चिनौर, कालाजीरा, दुबराज, गंगाबालू और सुपरफाइन जैसी किस्में यहां उगाई जाती हैं। इनमें कलानमक नरेंद्र 01 चावल अपनी कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और पौष्टिकता के कारण देशभर में प्रसिद्ध है और 250 रुपये किलो तक बिकता है। परिवार अपने चावल को 'श्रीमोती ब्रांड' से बेचता है। धान के अलावा गेहूं (शरबती सी-306), गन्ना, अरहर, मक्का, मूंगफली, आम और नारियल की भी खेती की जाती है। गन्ने से गुड़ भी बनाया जाता है, जिसकी कीमत 120 रुपये किलो तक मिल रही है।

# बसना में निःशुल्क छाती एवं श्वास रोग शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में 23 सितंबर 2025 को निःशुल्क छाती एवं श्वास रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में हैदराबाद की सुप्रसिद्ध डॉ. रजनी (एमडी पल्मोनोलॉजी) मेडिकल कॉलेज हैदराबाद से प्रशिक्षित 6 वर्षों से अधिक अनुभवी डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. रजनी चेस्ट फिजिशियन के साथ साथ क्रिटिकल केयर, आईसीयू, कोविड रोग विभाग में दक्ष विशेषज्ञ हैं। अब बसना अग्रवाल नर्सिंग होम में इनकी उपलब्धता प्रतिदिन रहेगी। शिविर में विभिन्न रोगों का परामर्श निःशुल्क एवं जांच में 30 प्रतिशत छूट की सुविधा उपलब्ध होगी। लंबी खांसी, टीबी,



छाती में दर्द साँस लेने में तकलीफ़, अस्थमा, दमा एलर्जी ईओसिनोफिलिया, छाती में पानी भरना खर्राटे, नींद से जुड़ी समस्याएं (स्लिप ऐपनिया), विशेष सुविधा के रूप में सिटी स्केन, ब्रांकोस्कोपी, एक्स रे एवं खून की जाँच पर 30 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी। शिविर का सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में लगेगा।

### पिंडदान करने दिसंबर में गयाजी जाएंगे गोस्वामी समाज के लोग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के पदाधिकारियों के साथ जिले के गोस्वामी समाज के लोग सामूहिक रूप से आगामी पौष मास (दिसंबर) में अपने पितरों का पिंडदान करने के लिए गयाजी जाएंगे। जानकारी देते हुए समाज के जिलाध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि हिंदू धर्म में मान्यता है कि गयाजी में फल्गू नदी के तट पर तथा विष्णुपद मंदिर में जब तक पिंडदान ना किया जाए, तब तक पूर्वजों की आत्मा को मुक्ति नहीं मिलती। गयाजी में तिथि का नहीं बल्कि स्थान का महत्व है। इसलिए वहां सिर्फ पितृपक्ष में नहीं बल्कि साल भर पिंडदान का कार्य होता है। परंतु, जानकारी के अभाव तथा साथ ना मिलने के कारण बहुत से लोग पिंडदान करने गया जी नहीं जा पाते। इसलिए ऐसे लोगों को साथ लेकर गया जी जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो भी गोस्वामी समाज के लोग अपने पितरों के पिंडदान करने के लिए गया जी जाना चाहते हैं, वे 30 सितंबर तक उनके अलावा रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी अथवा डिगेंद्र गिरि से संपर्क कर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप करवा लें।

# पितृमोक्ष अमास्या पर गायत्री शक्तिपीठ में पितृ विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 15 दिनों तक चला पितृ तर्पण 242 श्रद्धालुओं ने दी अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ में पितृपक्ष पर आयोजित 15 दिवसीय पितृ तर्पण कार्यक्रम का समापन पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर किया गया।

इस अवधि में प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपने पूर्वजों एवं दिवंगत आत्माओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलांजलि अर्पित की। कुल 242 लोगों ने तर्पण कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी। अंतिम दिवस पर आयोजित सर्वपितृ तर्पण विसर्जन में 45 श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम का संचालन युग पुरोहित बोधराम साहू, एमएल साहू, ललित मेश्राम, भारत साहू, धनीराम एवं भूखन सहित अन्य विद्वानों द्वारा वैदिक विधि-विधान से कराया गया। कार्यक्रम में हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, परस चौहान, जगमोहन, कुमारेश, अमर साहू, महिला मंडल एवं अन्य परिजनों का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर शांति पाठ हुआ और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को भोजन-प्रसाद वितरित किया गया।

# वित्तीय साक्षरता और सामुदायिक सशक्तिकरण पर हुई सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड (ग्रामीण कूटा), क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन (सीएआईएफ) के सहयोग से 20 सितंबर को वित्तीय साक्षरता और सामुदायिक सशक्तिकरण पर सामाजिक-आर्थिक विकास कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से 220 से अधिक महिलाएं, वरिष्ठ अधिकारी, नागरिकगण और ग्रामीण कूटा तथा सीएआईएफ के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला का उद्देश्य जिम्मेदारी से ऋण लेना, क्रेडिट अनुशासन का पालन करना, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव करना और पूर्ण आर्थिक सशक्तिकरण के बारे में



जागरूकता पैदा करना और क्षमता निर्माण करना था। कार्यक्रम की शुरूआत समुदाय के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत शुभारंभ गीत से हुई। डिवीजनल मैनेजर निकोड़े ने स्वागत भाषण दिया और इस अभियान के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। संस्था का कॉर्पोरेट वीडियो प्रस्तुत किया गया और प्रभावी वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एलओ बीबी शर्मा व एजीएम मकबूल बाशा ने अपने व्याख्यान में ग्रामीण घरों में वित्तीय शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और प्रतिभागियों को जिम्मेदारी से वित्तीय व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिक्रियाओं के साथ फीडबैक सत्र आयोजित किया गया। बताया गया कि क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड (ग्रामीण कूटा) बेंगलुरु आधारित भारत की प्रमुख माइक्रो फाइनेंस संस्थाओं में से एक है। यह मुख्य रूप से महिलाओं को छोटे ऋण प्रदान करता है और देश के वंचित तथा ग्रामीण समुदायों के विकास पर विशेष ध्यान देता है।

# महाविद्यालयीन छत्तीसगढ़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कल

**महासमुंद।** प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत बच्छर- 2025 महाविद्यालयीन छत्तीसगढ़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 23 सितंबर मंगलवार को दोपहर 01 बजे स्थानीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रखी गई है। प्रांतीय अध्यक्ष कान्हा कौशिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए महासमुंद नगर एवं आसपास स्थित प्रत्येक महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के अधिकतम 25 विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। समिति के संस्थापक अध्यक्ष स्व. सुशील यदु की पुण्यतिथि पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के भाषा, संस्कृति साहित्य, कला, पर्यटन, धार्मिक और ऐतिहासिक सामान्य ज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि व जिज्ञासा बढ़ाना है। कुल 50 प्रश्न छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित में पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न में चार वैकल्पिक उत्तर रहेंगे। उनमें सहीं उत्तर में सहीं का निशान लगाना होगा। डेढ़ घंटे की इस प्रतियोगिता के प्रत्येक प्रश्न में दो अंक निर्धारित है। मूल्यांकन पश्चात प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आगामी 26 अक्टूबर 2025 को महासमुंद में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के कर कमलों से पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रांतीय अध्यक्ष कान्हा कौशिक, जिला अध्यक्ष बंधु राजेश्वर खरे ने प्राचार्यों को अपने महाविद्यालय के पात्र विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में शामिल कर सहयोग करने का आग्रह किया है।

### क्वांर नवरात्र पर्व आज से

**नर्रा।** क्षेत्र में शारदीय क्वांर नवरात्र का शुभारंभ 22 सितंबर से हो रहा है। अंचल में नवदुर्गा उत्सव समितियों ने दुर्गा पंडालों में तैयारी पूरी कर ली गई है। वही पंडाल परिसर को झालर लाईट, तोरण पताका से सजाया जा रहा है। 22 सितंबर सोमवार को मुहूर्त पर घट स्थापना के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की जाएगी।

# केवी में हिंदी पखवाड़ा के तहत विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 12 से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 12 से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 12 सितंबर को सरस्वती पूजन एवं प्राचार्य संजय कंसल के मार्गदर्शन में वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।




कार्यक्रम प्रभारी दशरथ राम यादव (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, हिंदी) द्वारा पखवाड़ेभर के लिए विविध प्रतियोगिताओं की रूपरेखा बनाई गई है, जिसमें कविता पाठ, भाषण, गीत, हिंदी सुलेख, कहानी वाचन, प्रहसन, नारा लेखन एवं चित्रकला जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी हो रही है। प्राचार्य संजय कंसल ने उद्घाटन अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, सभी को इसका सम्मान और गर्व करना चाहिए। भाषा हमारे व्यक्तित्व की पहचान है, इसलिए लेखन और वाचन में शुद्ध हिंदी प्रयोग के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है।

**कार्यक्रम में इनका रहा सहयोगः** कार्यक्रमों को सफल बनाने में सीसीए प्रभारी जितेंद्र कुमार चंद्राकर, संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन, कला शिक्षक जीके निर्मलकर तथा प्राथमिक विभाग के सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग मिल रहा है। हिंदी पखवाड़ा का समापन 26 सितंबर को होगा, जिसमें सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।





